वो तेरे पास ही | By Mukesh Bagda

वो तेरे पास ही खेलता है सदा
तू उसे देख पाने की कोशिश तो कर
एक आवाज़ में सामने आएगा
तू उसको बुलाने की कोशिश तो कर
वो तेरे पास ही ....

प्रीत कर रब से मन अपना जोड़ कर
जग की सब वासनाओ को छोड़ कर
तू बशर इतना कर आह में दर्द भर
दर्द की ही जुबां को समझता है वो
दर्द दिल में जगाने की कोशिश तो कर
वो तेरे पास ही खेलता है सदा
तू उसे देख पाने की कोशिश तो कर
वो तेरे पास ही ....

श्याम का तू भजन कर लगन से
श्याम की और चल सच्चे मन से
एक कदम तू चले, सौ कदम वो चले
वो गले से लगाए तुझे दौड़ के
तू ज़रा पास आने की कोशिश तो कर
वो तेरे पास ही खेलता है सदा
तू उसे देख पाने की कोशिश तो कर
वो तेरे पास ही ....

कितना सस्ता है सौदा संसार में
श्याम बिकता है थोड़े से प्यार में
गजेसिंह प्यार कर श्याम दातार से
प्यार के आंसुओं में वो बह आएगा
तू आंसू बहाने की कोशिश तो कर
वो तेरे पास ही खेलता है सदा
तू उसे देख पाने की कोशिश तो कर
वो तेरे पास ही ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%b9%e0%a5%80-by-mukesh-bagda/